# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

## मंगलवार, दिनांक 11 मार्च, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

बलौदाबाजार बिलासपुर मार्ग का चौड़ीकरण

1. (*क्र. 765) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बलौदाबाजार बिलासपुर मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने का प्रारंभिक सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराया गया है ? (ख) यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारंभ किया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) बलौदाबाजार-बिलासपुर मार्ग नाम से कोई सड़क नहीं है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में उद्योग स्थापना हेतु किये गये एम. ओ. यू.

2. (*क्र. 1785) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** (श्री रविन्द्र चौबे) : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु 1-1-2004 से 31-12-2007 तक कितनी कंपनियों से एम.ओ.यू. कितनी राशि के किए गये हैं ? (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में उल्लेखित एम. ओ. यू. में से कितने एम. ओ. यू. निरस्त किये गये हैं तथा उसकी राशि कितनी है ? (ग) एम. ओ. यू. निरस्त किये गये कंपनियों में से कितने के एम. ओ. यू. पुनः बहाल हो गये हैं तथा उसका कारण क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु दिनांक 1-1-2004 से 31-12-2007 तक 67 कंपनियों के साथ रुपये 83,235.00 करोड़ राशि के एम. ओ. यू. किए गए हैं. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में उल्लेखित एम.ओ.यू. में से 17 एम.ओ.यू. निरस्त किए गए हैं, जिसकी राशि रुपये 10,170.00 करोड़ है. (ग) निरस्त किये गए 17 एम.ओ.यू. में से एक एम.ओ.यू. माननीय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ द्वारा पारित निर्णय के कारण बहाल किया गया है.

विश्राम गृहों में मरम्मत कार्यों हेतु व्यय राशि

3. (*क्र. 1385) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिले में लोक निर्माण विभाग के कितने विश्राम गृह किन-किन जगहों पर हैं ? (ख) वर्ष 2007-08 में विश्राम गृहों के मरम्मत रखरखाव हेतु 31 जनवरी, 2008 तक कितनी राशि व्यय की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) † संलग्न परिशिष्ट में है.

बाल आरक्षकों के संबंध में

4. (*क्र. 880) **डॉ. चेतन वर्मा** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने बाल आरक्षक कार्यरत हैं? (ख) बाल आरक्षकों को विभाग द्वारा क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है ?

---

† परिशिष्ट "एक"

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में 232 बाल आरक्षक कार्यरत हैं. (ख) बाल आरक्षकों को विभाग द्वारा निम्नानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है :—

1. बाल आरक्षकों को आरक्षक पद के न्यूनतम वेतनमान का आधा वेतनमान तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत मंहगाई भत्ता देय है.
2. निःशुल्क शासकीय आवास, मेडिकल सुविधा तथा खेल कूद हेतु प्रोत्साहन दिया जाता है.
3. शासकीय वेश भूषा निःशुल्क दी जाती है.
4. एक दिन कार्यालय एवं एक दिन स्कूल जा सकते हैं.
5. बाल आरक्षकों द्वारा आरक्षक पद की न्यूनतम शैक्षणिक पूर्ण करने एवं शासकीय सेवा हेतु निर्धारित आयु सीमा 18 वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् नियमानुसार शारीरिक प्रवीणता परीक्षा में छूट प्रदान करते हुए अन्य मापदंड पूर्ण करने पर आरक्षक के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाती है.
6. उसी 18 वर्ष में आरक्षक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पूर्ण नहीं करने पर विशेष प्रकरणों में 2 वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है.
7. बाल आरक्षक से केवल हल्का कार्य जैसे फाईल लाना, ले जाना कराया जाता है.

"पारागांव-गोइंदा-टीला" मार्ग निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

5. (*क्र. 1527) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अभनपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत "पारागांव-गोइंदा-टीला" मार्ग के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति कब प्रदान की गयी ? मार्ग की लम्बाई एवं स्वीकृत राशि सहित जानकारी देवें ? (ख) सड़क के निर्माण हेतु निविदा कब बुलाई गयी तथा उक्त सड़क का ठेका, किसे एवं कितनी राशि का दिया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 13-12-2006 को, लम्बाई 15.00 कि.मी. राशि 293.68 लाख. (ख) सड़क के निर्माण हेतु निविदा दिनांक 7-7-07 को बुलाई गई थी. उक्त सड़क का ठेका मोहम्मद फारुख वारसी अ-5 वर्ग को दी गई थी, जिसकी राशि 288.60 लाख की थी. परन्तु ठेकेदार द्वारा अनुबंध नहीं किये जाने के कारण पुनः निविदा क्रमांक 299 दिनांक 21-2-08 के तहत दिनांक 5-3-08 तक निविदा आमंत्रित की गई.

शासन द्वारा निरस्त किए गए एम.ओ.यू.

6. (*क्र. 1578) **श्री भूपेश बघेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि किन-किन निजी निवेशकों के साथ किये गए एम.ओ.यू. को शासन द्वारा विगत 6 माह में निरस्त किया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : विगत 6 माह में निजी निवेशकों के साथ किए गए 18 एम.ओ.यू. को निरस्त किया गया है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

पवनी-बिलाईगढ़-दुम्हानी मार्ग निर्माण में अनियमितता की जांच

7. (*क्र. 1661) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वित्तीय वर्ष 2007-08 में पवनी-बिलाईगढ़-दुम्हानी सड़क मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी शिकायत हुई है ? यदि हां, तो किसके द्वारा ? (ख) क्या उक्त शिकायत के आधार पर जांच की गई है ? यदि हां, तो किसके द्वारा जांच की गई है ? जांच प्रतिवेदन जांच अधिकारी द्वारा कब

† परिशिष्ट "दो"

दिया गया एवं जांच उपरांत कौन-कौन दोषी पाये गये ? जांच के बिन्दु क्या-क्या थे ? क्या दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो कब और किस प्रकार की ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां.

1. माननीय श्री राजकमल सिंघानिया, विधायक, कसडोल.
2. श्री रामनारायण देवांगन अध्यक्ष भा.ज.यु.मो. मण्डल, बिलाईगढ़.

(ख) जी हां. श्री जे. पी. गुप्ता, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता एवं श्री बी. एम. चौरड़ा, तत्कालीन मुख्य अभियंता, क्रमशः दिनांक 1-8-2007 एवं दिनांक 15-10-2007, कोई नहीं, जांच के बिन्दु पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है. कोई अधिकारी को दोषी नहीं पाया गया. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में नक्सली हिंसक घटनाओं की जानकारी

8. (*क्र. 1676) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 2006-07 एवं 2007-08 में 16-2-2008 तक कुल कितनी नक्सली हिंसक घटनाएं हुई हैं ? (ख) नक्सली हिंसक घटनाओं में उक्त अवधि में कितने-कितने नागरिक, नक्सली एवं सुरक्षा कर्मी व पुलिस कर्मी मारे गये ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश में 2006-07 में 735 एवं 2007-08 में 16-2-2008 तक 574 नक्सली हिंसक घटनाएं हुई है. (ख) नक्सली हिंसक घटनाओं में वर्ष 2006-07 में 242 नागरिक एवं 93 नक्सली मारे गये, 19 सुरक्षा कर्मी (केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल) एवं 32 छ.ग. पुलिस कर्मी शहीद हुए, वर्ष 2007-08 में 16-2-2008 तक 126 नागरिक एवं 36 नक्सली मारे गये. 38 सुरक्षाकर्मी (केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल) एवं 56 छ.ग. पुलिस कर्मी शहीद हुए.

बजट में शामिल मार्गों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

9. (*क्र. 1226) **श्री रामपुकार सिंह** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के बजट में शामिल जशपुर जिले की किन-किन सड़कों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? कितने लंबित हैं और लंबित रहने के क्या कारण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

पुल पुलियों एवं सड़कों हेतु स्वीकृत राशि

10. (*क्र. 1592) **श्री चन्दूलाल साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र राजिम में वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किन-किन सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई थी ? (ख) उक्त कार्यों में कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के नदी नालों पर पुल निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति

11. (*क्र. 535) **श्री बोधराम कंवर** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा के किन-किन मार्गों के किन-किन नदी नालों पर सेतु निर्माण मंडल रायगढ़ द्वारा पुल निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत किया गया था ? (ख) उक्त में से किन-किन पुलों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ?

† परिशिष्ट "तीन"

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) † संलग्न परिशिष्ट में है.

नक्सली घटनाओं में मृतकों की संख्या

12. (*क्र. 1479) **श्री उदय मुदलियार** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर, दन्तेवाड़ा, कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 1-1-2006 से 31-1-2008 तक नक्सली घटनाओं में कितने लोग मारे गए एवं कितने पुलिस कर्मचारी शहीद हुए ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) नक्सली मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली 1-1-2006 से 31-1-2008 तक मारे गए ? जिलेवार जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) दिनांक 1-1-2006 से 31-1-2008 तक की अवधि में नक्सली घटनाओं में जिला बस्तर (जगदलपुर) में 10 व्यक्ति एवं 15 पुलिस कर्मी, दंतेवाड़ा में-146 व्यक्ति, 75 पुलिस कर्मी एवं 31 एस.पी.ओ., कांकेर में-33 व्यक्ति एवं 09 पुलिस कर्मी कुल 189 व्यक्ति मारे गये एवं 99 पुलिस कर्मी व 31 एस.पी.ओ. शहीद हुये. (ख) 1-1-2006 से 31-1-2008 तक की अवधि में नक्सली मुठभेड़ में जिला बस्तर में 11, दंतेवाड़ा में 30 एवं कांकेर में 05, कुल 46 नक्सली मारे गये.

ग्राम मारो में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन निर्माण की स्वीकृति

13. (*क्र. 1613) **श्री दयाल दास बघेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखंड नवागढ़ जिला दुर्ग के ग्राम मारो में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन निर्माण कब स्वीकृत किया गया था ? स्वीकृति की राशि क्या थी ? कब निविदा स्वीकार कर कार्य प्रारंभ करने को एजेंसी को निर्देशित किया गया ? (ख) कार्य कब तक पूर्ण किया जाना था ? 11-2-2008 की स्थिति में कितना कार्य पूर्ण हुआ ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) दिनांक 19-9-03 को. स्वीकृति की राशि रुपये 90.00 लाख. दिनांक 4-3-05 को निविदा स्वीकृत कर दिनांक 21-3-05 को कार्य आदेश जारी किया गया. (ख) दिनांक 20-11-05 को. दिनांक 11-2-2008 की स्थिति में लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है.

बिलासपुर से पोड़ी तक सड़क निर्माण

14. (*क्र. 627) **श्री चन्द्रभान बारमते** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एशियन डेवलपमेंट बैंक लोन क्रमांक 250 के अंतर्गत बिलासपुर से पोड़ी तक लगभग 150 कि.मी. लम्बी सड़क निर्माण का कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिया गया है ? (ख) उक्त सड़क मार्ग पर कितने पेड़ हैं ? प्रजातिवार बतावें ? (ग) सड़क निर्माण हेतु कितने पेड़ों की कटाई की जा रही है तथा नीलामी किसके द्वारा की जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी प्रपत्र-"अ" †† संलग्न है. (ख) जानकारी प्रपत्र-"ब" †† संलग्न है. (ग) कुल 6055 वृक्ष. वन विभाग द्वारा.

औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना एवं विस्तारीकरण के संबंध में

15. (*क्र. 1412) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा में स्पंज आयरन/पावर प्लांट/एल.पी.जी. गैस रिफिलिंग के कितने-कितने उद्योग स्थापित है ? नाम सहित ब्यौरा दें ? (ख) कंडिका "क" के क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए क्या शासन ने नए उद्योग की स्थापना एवं उद्योगों के विस्तारीकरण पर रोक लगायी है ? यदि हां, तो कब, क्या निर्देश का पालन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) कंडिका "क" के क्षेत्र में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कितने उद्योगों की स्थापना एवं विस्तार को अनुमति दी है ? नाम बतावें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है.

† परिशिष्ट "चार"

†† परिशिष्ट "पांच"

जेल विभाग में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के कार्यरत एवं रिक्त पदों की संख्या

16. ( *क्र. 1567) **डॉ. शिवकुमार डहरिया** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ जेल विभाग में कुल कितने पद स्वीकृत एवं कितने पद रिक्त हैं ? स्वीकृत पदों के विरुद्ध अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति के कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं एवं कितने रिक्त हैं ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जेल विभाग में कुल 1350 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से कुल 399 पद रिक्त है. कुल रिक्त पदों में से 298 पद सीधी भर्ती, 84 पद पदोन्नति तथा 17 पद प्रतिनियुक्ति के रिक्त है. स्वीकृत पदों के विरुद्ध अनुसूचित जाति के 143 एवं अनु. जनजाति के 284 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं. वर्तमान में अनु. जाति के 58 एवं अनुसूचित जनजाति के 134 पद रिक्त हैं. (ख) विभाग द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र की सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति

17. ( *क्र. 1637) **लाल महेन्द्र सिंह टेकाम** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 के बजट में शामिल डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र की कितनी सड़क, पुल-पुलियों की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है ? (ख) कितनी सड़कों पुल-पुलिया में कार्य प्रारंभ किया जा चुका है ? कितने कार्य पूर्ण हो गये हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

भवनों की मरम्मत हेतु आवंटित राशि

18. ( *क्र. 415) **श्री ताम्रध्वज साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण संभाग दुर्ग को वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कितनी राशि शासकीय भवनों की मरम्मत के लिए आवंटित की गई तथा कितनी व्यय की गई?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : लोक निर्माण संभाग दुर्ग को वर्षवार आवंटन एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार है :—

| वर्ष | आवंटन (रु. लाख) | व्यय (रु. लाख) |
|---|---|---|
| 2005-06 | 97.85 | 138.59 |
| 2006-07 | 152.00 | 129.69 |
| 2007-08 | 115.00 | 135.47 |

ठेकेदारों से डामर की प्रस्तावित वसूली

19. ( *क्र. 223) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि तारांकित प्रश्न संख्या-10 (क्रमांक 264) दिनांक 30 नवम्बर, 2007 को दिये गये जानकारी अनुसार ठेकेदारों से डामर की प्रस्तावित वसूल की गई राशि में से शेष लंबित राशि की वसूली हेतु मूल इन्वाइसेस प्रस्तुत नहीं करने एवं गैर निर्धारित ग्रेड का डामर उपयोग करने वाले किन-किन ठेकेदारों को दिनांक 1 अप्रैल, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक कब-कब राशि की वसूली हेतु नोटिस दिया गया है तथा नोटिस उपरांत राशि जमा करने वाले ठेकेदार का नाम एवं वसूली राशि कितनी-कितनी है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है.

---

† परिशिष्ट "छः"

†† परिशिष्ट "सात"

प्रदेश की जेलों से कैदियों के फरार होने पर कार्यवाही

20. ( *क्र. 1677) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश की जेलों में माह जनवरी 2007 से जनवरी 2008 तक कितने कैदियों की जेलों से फरार होने की घटनाएं हुई हैं ? दिनांकवार, जेलवार जानकारी देवें. (ख) फरार बंदियों में कितनों की गिरफ्तारी पुन: हो सकी ? कितने गिरफ्त से बाहर हैं ? (ग) दोषी कर्मियों एवं अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? नामवार जानकारी देवें.

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रदेश की जेलों से माह जनवरी, 2007 से माह जनवरी, 2008 तक 325 कैदियों के जेलों से फरार होने की घटनाएं हुई हैं. जेलवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में अंकित है. (ख) फरार बंदियों में से 74 बंदियों की गिरफ्तारी पुन: हो सकी है. उक्त फरार बंदियों में से 251 गिरफ्त के बाहर हैं. (ग) दोषी कर्मियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में अंकित है.

एम.ओ.यू. के तहत उद्योगों को आवंटित भूमि एवं उद्योगों द्वारा किया गया निवेश

21. ( *क्र. 1247) **श्री मोतीलाल देवांगन** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में 31 जनवरी, 2008 तक कुल कितने एम.ओ.यू. कब-कब हुए हैं एवं इनमें से कौन-कौन से उद्योगों को कितनी-कितनी शासकीय जमीन कब-कब आवंटित की गई ? (ख) उपरोक्त एम.ओ.यू. में से किन-किन उद्योगों ने कब-कब कितनी-कितनी राशि इनवेस्ट कर प्रारंभ किए गए ? उद्योगवार जानकारी दें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) प्रदेश में वर्ष 2004-2005, 2005-2006, 2006-2007 एवं 2007-2008 में 31-1-2008 तक कुल 67 एम.ओ.यू. हुए हैं. वर्षवार इकाई का नाम एवं एम.ओ.यू. की दिनांक तथा आवंटित शासकीय भूमि की जानकारी † संलग्न प्रपत्र-"अ" पर दर्शित है. (ख) उपरोक्त एम.ओ.यू. में से 16 उद्योगों के द्वारा एम.ओ.यू. पश्चात् 6546.29 करोड़ इनवेस्ट कर उद्योग प्रारंभ/विस्तार किये गये हैं जानकारी † संलग्न प्रपत्र-"ब" पर दर्शित है.

एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के माध्यम से निर्मित कुकमेरा-कवर्धा मार्ग संबंधी

22. ( *क्र. 675) **मोहम्मद अकबर** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के माध्यम से निर्मित कुकमेरा से कवर्धा मार्ग में 31 जनवरी, 2008 की स्थिति में कौन-कौन सा मटेरियल कुल कितनी-कितनी मात्रा में कहां का किस-किस खदान का अलग-अलग उपयोग किया गया है ? (ख) उक्त तिथि तक ठेकेदार को किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि अग्रिम के रूप में भुगतान की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी प्रपत्र-"अ" एवं "ब" †† संलग्न है. (ख) जानकारी प्रपत्र-"स" †† संलग्न है.

आरंग विधान सभा क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत सड़कें

23. ( *क्र. 1769) **श्री संजय ढीढी** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में आरंग विधान सभा क्षेत्रांतर्गत कौन-कौन से रोड के निर्माण की स्वीकृति दी गई ? लागत सहित बतावें ? (ख) कंडिका (क) की स्वीकृत सड़कों में से कौन-कौन सी सड़क का निर्माण पूरा करा लिया गया ? निर्माण एजेंसी के नाम सहित जानकारी दें ? (ग) क्या यह सही है, कि चोरभट्ठी से कोरासी मार्ग और बनरसी से समोदा मार्ग के निर्माण में गुणवत्ताहीन मटेरियल लगाए जाने की शिकायत मिली है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है. (ग) कोई शिकायत प्राप्त नहीं है.

† परिशिष्ट "आठ"

†† परिशिष्ट "नौ"

भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति राशि

24. ( *क्र. 1521 ) **श्री रामदयाल उइके** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2007-08 में कोरबा जिले के किन-किन भवनों के निर्माण की स्वीकृति कितनी-कितनी राशि से की गयी ? ( ख ) क्या वे सभी भवनों के निर्माण कार्य पूरे हो गये हैं तथा कौन-कौन से भवन शेष हैं ? ( ग ) क्या सिरकी आश्रम छात्रावास भवन का निर्माण अधूरा है ? यदि हां, तो कब तक पूरा कर लिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) एवं ( ख ) जानकारी पुस्तकालय पर रखे परिशिष्ट पर है. ( ग ) सिरकी आश्रम छात्रावास भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग से नहीं कराया जा रहा है.

टाटा स्टील प्लांट द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

25. ( *क्र. 1318 ) **श्री लच्छूराम कश्यप** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वृहद टाटा स्टील प्लांट हेतु कितने भू-स्वामियों को कृषि भूमि के बदले मुआवजा राशि बांटी जा चुकी है ? ( ख ) 11 फरवरी, 2008 तक कितने भू-स्वामियों ने किस-किस गांव के, कितनी-कितनी राशि के चेक प्राप्त किये हैं ? ( ग ) क्या उक्त भू-स्वामियों को जमीन के बदले जमीन देने के पश्चात् ही टाटा स्टील प्लांट हेतु भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है ? यदि हां, तो कहां ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित वृहद् टाटा इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु दिनांक 23-2-2008 की स्थिति में 1009 खातेदारों को मुआवजा राशि बांटी जा चुकी है. ( ख ) 11 फरवरी 2008 तक कुल 09 ग्रामों के 1009 भू-स्वामियों/खातेदारों ने 34,75,22,718.00/- ( चौंतीस करोड़ पचहत्तर लाख बाईस हजार सात सौ अट्ठारह रुपये ) का मुआवजा राशि का चेक प्राप्त किये हैं, विस्तृत जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. ( ग ) जी नहीं, किन्तु ऐसे भू-स्वामियों को जिनकी भूमि 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत अर्जित हो रही है उन्हें मुआवजा राशि के अतिरिक्त कुल 1607.95 एकड़ शासकीय भूमि का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है.

---

† परिशिष्ट "दस"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 1385) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

विश्राम गृह-वार व्यय की जानकारी

वर्ष 2007-08 में व्यय 1 अप्रैल 07 से 31 जनवरी 08 तक

| क्र. | विश्राम गृह का नाम | रखरखाव एवं मरम्मत में व्यय राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | महासमुन्द | 203210.00 |
| 2. | सिरपुर | 163355.00 |
| 3. | बागबाहरा | 123265.00 |
| 4. | सिंघोड़ा | 65528.00 |
| 5. | सरायपाली | 88930.00 |
| 6. | बसना | 97046.00 |
| 7. | सांकरा | 61457.00 |
| 8. | पिथौरा | 151847.00 |
| 9. | झलप | 92947.00 |
| 10. | तुमगांव | 65528.00 |
| 11. | आक्राडबरी | 114792.00 |
| 12. | खुकरमाल | 127971.00 |
| | योग | 13,55,876.00 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 1578) की जानकारी ]

**विगत 6 माह में निरस्त किए गए एमओयू की सूची**

| क्र. (1) | इकाई का नाम (2) | रिमार्क (3) |
|---|---|---|
| 1. | अक्षय इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., रायपुर | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 2. | वन्दना इनर्जी एंड स्टील प्रा. लि., रायपुर | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 3. | नेशनल स्टील एंड एग्रो इण्डस्ट्रीज लि., मुम्बई | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 4. | आर्यन इस्पात एंड पावर प्रा. लि., बिलासपुर | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 5. | एलायंस इंटीग्रेटेड मेटलिक लि., नई दिल्ली | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 6. | मैगनम स्टील लि., नई-दिल्ली | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 7. | जेपीटी मेटल इण्डस्ट्रीज लि., कोलकाता | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 8. | छत्तीसगढ़ आयरन एंड स्टील कंपनी प्रा. लि., मुम्बई | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 9. | मेगा पावर बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स प्रा. लि., मुम्बई | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 10. | आनंद इस्पात उद्योग प्रा. लि., भिलाई | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 11. | फेरल इंजीनियरिंग लिमिटेड, लंदन | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 12. | लाइटैग एशिया लि., लंदन एवं लैंको अमरकंटक पावर प्रा. लि., हैदराबाद. | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 13. | मे. बिगवास स्टील एंड एलायज लि., कोलकाता | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 14. | मे. वसुन्धरा स्टील एंड पावर लि., नई दिल्ली | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 15. | मे. रेक्सन स्ट्रीप्स लिमिटेड, उड़ीसा | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 16. | मे. पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्रा. लि., दिल्ली | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 17. | मे. श्री श्याम ग्लोबल प्रा. लि., जांजगीर-चांपा | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |
| 18. | मे. टेक्सास पावरजेन, यू. एस. ए. | दिनांक 29-09-2007 को एमओयू निरस्त किया गया |

# परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 1592) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

## बिधान सभा क्षेत्र राजिम में वित्तीय वर्ष 2006-07 में स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलियों की जानकारी

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | स्वीकृति राशि (3) | पूर्ण/अपूर्ण (4) |
|---|---|---|---|
| | **सड़क कार्य** | | |
| 1. | छुरा से हरी मार्ग लं. 2.00 कि. मी. को मजबूतीकरण | रु. 30.61 लाख | पूर्ण |
| 2. | परसूली बरबाहरा मार्ग लं. 1.80 कि. मी. | रु. 38.41 लाख | अपूर्ण |
| 3. | परसदा से पिपरहट्टा लं. 5.00 कि. मी. | 122.11 लाख | अपूर्ण |
| 4. | देवरी पहुंच मार्ग छुरा विकास खंड लं. 3.00 कि. मी. | 70.52 लाख | अपूर्ण |
| 5. | बोरिद-तरजुंगा-गुण्डरदेही से फिंगेश्वर पहुंच मार्ग लं. 6.00 कि. मी. | रु. 144.38 लाख | अपूर्ण |
| 6. | धवारानी पहुंच मार्ग लं. 4.50 कि. मी. | रु. 121.84 लाख | अपूर्ण |
| | **योग - सड़क कार्य - 06** | **रु. 527.87 लाख** | **1 कार्य पूर्ण<br>5 कार्य अपूर्ण** |
| | **पुल कार्य** | | |
| 7. | दुलना कनसिधी मार्ग में 2 नग पुल-पुलिया निर्माण | रु. 81.76 लाख | अपूर्ण |
| 8. | छुरा-कोमाखान मार्ग पर बगनई नाला पर पुल निर्माण | रु. 64.80 लाख | अपूर्ण |
| 9. | सुखा नाला सेतु/छुरा रसेला मार्ग कि. मी. 7/4 | रु. 236.14 लाख | अपूर्ण |
| | **योग - पुल कार्य - 03** | **रु. 382.70 लाख** | **3 कार्य अपूर्ण** |

### विधान सभा क्षेत्र राजिम में वित्तीय वर्ष 2007-08 में स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलियों की जानकारी

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | स्वीकृति राशि (3) | पूर्ण/अपूर्ण (4) |
|---|---|---|---|
| | **सड़क कार्य** | | |
| 1. | छुरा से गादीकोट डामरीकरण लं. 0.50 कि. मी. | रु. 17.035 लाख | अपूर्ण |
| 2. | बेलटुकरी से लफंदी मार्ग लं. 3.00 कि. मी. | रु. 76.74 लाख | अपूर्ण |
| 3. | पथरी से कृषि मंडी पीछे मार्ग का डामरीकरण लं. 1.50 कि. मी. | रु. 44.14 लाख | अपूर्ण |
| 4. | छुईहा से बहना काड़ी सड़क डामरीकरण | रु. 44.98 लाख | अपूर्ण |
| 5. | सुरसाबांधा से जेंजरा मार्ग निर्माण | रु. 57.64 लाख | अपूर्ण |
| 6. | राजिम-बासीन-खपरीकला मार्ग निर्माण | रु. 57.24 लाख | अपूर्ण |
| 7. | राजिम-गरियाबंद मार्ग लं. 44.625 कि. मी. | रु. 3891.63 लाख | अपूर्ण |
| | **योग - सड़क कार्य - 07** | **रु. 4189.305 लाख** | **7 कार्य अपूर्ण** |
| | **पुल कार्य** | | |
| 8. | मालगांव कोचवाय मार्ग पर पुलिया निर्माण का कार्य | रु. 39.67 लाख | अपूर्ण |
| 9. | सरगी नाला सेतु पोखरा-हथखोज पसौद मार्ग के कि. मी. 4/2 | रु. 388.24 लाख | अपूर्ण |
| | **योग - पुल कार्य - 02** | **रु. 427.91 लाख** | **2 कार्य अपूर्ण** |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 535) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | प्रशासकीय स्वीकृति की स्थिति (3) |
|---|---|---|
| 1. | पुरैना-गोबरघोड़वा के मध्य खोलार नाला पर पुल निर्माण | प्रदान की गई है. |
| 2. | ग्राम डोंगरी-खार बगदेवा मार्ग पर राल नाला पर पुल निर्माण | प्रदान की गई है. |
| 3. | सराई संधार से ब्रम्हनी कोना मार्ग के कि. मी. 1/4 पर लिलागर नदी पर पुल निर्माण | प्रदान नहीं की गई है. |
| 4. | बुड़गहना लोटनापारा-उतरदा मार्ग पर लिलागर नदी पर पुल निर्माण. (लम्बाई 60.00 मी. 05 स्पान 12.00 मी. प्रत्येक) | प्रदान की गई है. |
| 5. | बोईदा-सराईपाली मार्ग पर टोन्ही नदी पर पुल निर्माण | प्रदान की गई है. |
| 6. | दीपिका से बांकीमोंगरा मार्ग के कि. मी. 20/4 पर खोल्लार नाला पर पुल निर्माण | प्रदान की गई है. |
| 7. | दीपिका-कोराई मार्ग पर खोलार नाला पर पुल निर्माण | प्रदान नहीं की गई है. |
| 8. | कोरबा-गेवराघाट-दर्री मार्ग पर हसदेव नदी पर पुल निर्माण | प्रदान नहीं की गई है |
| | योग 08 कार्य | |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 627) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**ए. डी. बी. लोन-2050 के अंतर्गत निर्माणाधीन बिलासपुर से पोड़ी मार्ग ( कुल 106 कि. मी. ) के ठेकों का विवरण**

| क्र. | मार्ग का नाम | लंबाई (कि. मी. में) | ठेकेदार/कंपनी का नाम |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | बिलासपुर से मुंगेली मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नयन पैकेज क्रमांक-5. | 51 | रानी कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. नई दिल्ली |
| 2. | मुंगेली से पोड़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नयन पैकेज क्रमांक-6. | 55 | आई. वी. आर. सी. एल. इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रा. लि., हैदराबाद. |

प्रपत्र "ब"

## प्रजातिवार वृक्षों का विवरण

मार्ग का नाम :- बिलासपुर किमी. 0 से मुंगेली किमी. 51
पैकेज क्रमांक-5

| क्र. (1) | वृक्ष का नाम (2) | संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | गुलमोहर | 2069 |
| 2. | शीशम | 730 |
| 3. | बबूल | 2563 |
| 4. | पीपल | 134 |
| 5. | इमली | 690 |
| 6. | अशोक | 73 |
| 7. | आम | 16 |
| 8. | नीम | 627 |
| 9. | करंज | 124 |
| 10. | बरगद | 34 |
| 11. | निलगिरी | 47 |
| 12. | कहवा | 344 |
| 13. | सिरीश | 54 |
| 14. | बहेरा | 3 |
| 15. | केतफलदार | 6 |
| 16. | चिरौंज | 1 |
| 17. | मुनगा | 4 |
| 18. | धनढनी | 1 |
| 19. | अन्य | 130 |
| | योग | 7650 |

मार्ग का नाम :- मुंगेली किमी. 52 से पोढ़ी किमी. 106
पैकेज क्रमांक-6

| क्र. (1) | वृक्ष का नाम (2) | संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | आरकेशिया | 3 |
| 2. | नीम | 153 |
| 3. | पीपल | 81 |
| 4. | आम | 13 |
| 5. | इमली | 19 |
| 6. | शीशम | 211 |
| 7. | बबूल | 560 |
| 8. | करंज | 12 |
| 9. | गुलमोहर | 499 |
| 10. | बरगद | 12 |
| 11. | खम्हार | 2 |
| 12. | बहेरा | 1 |
| 13. | केत फलदार | 3 |
| 14. | मौहा | 251 |
| 15. | अकोन | 4 |
| 16. | सेमरा | 4 |
| 17. | गंधरिया | 4 |
| 18. | कहवा | 218 |
| 19. | सिरसा | 65 |
| 20. | नीलगिरी | 27 |
| 21. | छिंद | 2 |
| 22. | बेद | 2 |
| 23. | करही | 6 |
| 24. | बकायन | 1 |
| 25. | बेल | 1 |
| 26. | सागौन | 7 |
| 27. | उकसी | 1 |
| 28. | परसा | 4 |
| 29. | करथी | 14 |
| 30. | गंधीरया | 4 |
| | योग | 2184 |

| | | |
|---|---|---|
| बिलासपुर से मुंगेली (किमी. 0 से किमी. 51) | कुल वृक्ष | 7650 |
| मुंगेली से पोढ़ी (किमी. 52 से किमी. 106) | कुल वृक्ष | 2184 |
| | **कुल योग** | **9834** |

परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 1637) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**वर्ष 07-08 के बजट में शामिल डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सड़क, पुल-पुलियों की जानकारी**

| स. क्र. | वर्ष 2007-08 के बजट में सम्मिलित कार्य | 07-08 के प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्ति दिनांक एवं राशि | कार्य की अद्यतन भौतिक स्थिति | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्य | पूर्ण कार्य | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | **सड़क कार्य** | | | |
| 1. | आवारी कुआंगोंदी आमाडुला मार्ग कि. मी. 1 से 6, 10 से 17 एवं 20 से 21/4-15.40 पर डामरनवीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य. | दि. 17-08-07 रु. 109.64 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 2. | बकलीटोला पैसाबोड मार्ग गिट्टीकरण व नया डामरीकरण कार्य लं. 3.80 कि. मी. | दि. 14-09-07 रु. 106.84 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 3. | फोकान सालहे मार्ग 2.30 कि. मी. गिट्टीकरण व नया डामरीकरण कार्य लं. 2.30 कि. मी. | दि. 06-09-07 रु. 60.70 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 4. | चिपरा किल्लेकोड़ा मार्ग लं. 3.60 कि. मी. निर्माण कार्य | दि. 17-08-07 रु. 117.04 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 5. | तुएगोंदी से अरमागोंदी मार्ग लं. 5.40 कि. मी. निर्माण कार्य | दि. 25-04-07 रु. 108.08 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 6. | लमती से मुड़पार मार्ग लं. 3.20 कि. मी. का निर्माण कार्य | दि. 22-11-07 रु. 66.03 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 7. | हुच्चेटोला से करेगांव मार्ग का निर्माण | प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित | - | - | वित्त विभाग की आपत्ति पीएमजीएसवाय कोरनेट में शामिल अतः सहमति दिया जाना संभव नहीं (21-02-07) प्राक्कलन प्रमुख अभियंता को वापस 28-02-07. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 8. | ब्रम्हनो तुएदण्ड मार्ग लं. 8.00 कि. मी. गिट्टीकरण एवं नवीन डामरीकरण एवं पुलिया निर्माण. | प्रशासकीय स्वीकृति अपेक्षित | - | - | मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में शामिल है. |
| | **योग - 8 कार्य** | **रु. 568.33 लाख** | **06 कार्य प्रगतिरत** | **-** | **-** |

**पुल कार्य**

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | घोटिया सिंघनवाही मार्ग के कि. मी. 1/6 में पाईप पुलिया का निर्माण. | दिनांक 07-05-07 रु. 6.82 लाख | - | पूर्ण | - |
| 2. | अंवारी कुआगोंदी आमाडुला मार्ग कि. मी. 12/4 में पुलिया निर्माण. | दिनांक 25-06-07 रु. 37.79 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 3. | मोहद-कुदारीदल्ली के बीच कुदारीदल्ली नाला पर पुल निर्माण. | दिनांक 31-01-07 रु. 71.40 लाख | प्रगतिरत | - | - |
| 4. | हितेकसा-कोड़ेकसा माटरी मार्ग के कि. मी. 5/4 पर पोपरखार नाला पर पुल निर्माण. | दिनांक 16-08-2007 रु. 66.23 लाख | प्रगतिरत | | |
| | **योग - 4 कार्य** | **रु. 182.24 लाख** | **03 प्रगतिरत** | **01 पूर्ण** | **-** |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 223) की जानकारी ]

**1 अप्रैल, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक वसूल की गई राशि का विवरण**

| क्र. | गैर निर्धारित ग्रेड का डामर उपयोग करने वाले ठेकेदार का नाम | नोटिस दिनांक | वसूल की गई राशि | मूल इन्वाइस प्रस्तुत नहीं करने वाले ठेकेदार का नाम | नोटिस दिनांक | वसूल की गई राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | श्री जितेन्द्र भण्डारी | इस अवधि में नोटिस नहीं दी गई. | रु. 153090/- | - | - | - | प्रश्नाधीन अवधि में मूल इन्वाइस प्रस्तुत नहीं करने वाले किसी ठेकेदार से वसूली नहीं की गई. |
| 2. | श्री जी. पी. खेतान | इस अवधि में नोटिस नहीं दी गई. | रु. 116297/- | - | - | - | |
| | | **योग** | रु. 269387/- | | | | |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 1247) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

### वर्ष 2004-05 में निष्पादित एमओयू

| क्र. | इकाई का नाम | एम. ओ. यू. का दिनांक | आवंटित शासकीय भूमि (हेक्टेयर में) | भूमि आवंटन होने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | आर्यन इस्पात एंड पावर प्रा. लि., बिलासपुर | 16-08-2004 | | |
| 2. | गोदावरी पावर एंड इस्पात लि., रायपुर | 16-08-2004 | 9.619 | 17-08-2001 |
| | | | 1.946 | 22-06-2004 |
| | | | 2.901 | 02-06-2005 |
| | | | **14.466** | |
| 3. | एलायंस इंटीग्रेटेड मेटलिक लि., नई दिल्ली | 16-08-2004 | | |
| 4. | वंदना ग्लोबल लि., रायपुर | 16-08-2004 | 10.495 | 01-08-2000 |
| | | | 8.417 | 30-10-2002 |
| | | | 4.115 | 08-02-2005 |
| | | | 0.083 | 14-09-2007 |
| | | | **23.11** | |
| 5. | एस. के. एस. इस्पात प्रा. लि., मुम्बई | 16-08-2004 | | |
| 6. | मैगनम स्टील लि., नई-दिल्ली | 16-08-2004 | | |
| 7. | जीपीटी मेटल इण्डस्ट्रीज लि., कोलकाता | 16-08-2004 | | |
| 8. | बीईसी प्रोजेक्ट लिमि., भिलाई | 16-08-2004 | | |
| 9. | छत्तीसगढ़ आयरन एंड स्टील कंपनी प्रा. लि., मुम्बई. | 16-08-2004 | | |
| 10. | मेगा पावर बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स प्रा. लि., मुम्बई. | 16-08-2004 | | |
| 11. | आनंद इस्पात उद्योग प्रा. लि., भिलाई | 16-08-2004 | | |
| 12. | फेरल इंजीनियरिंग लिमिटेड, लंदन | 13-09-2004 | | |
| 13. | लाइटैम एशिया लि., लंदन एवं लैंको अमरकंटक पावर प्रा. लि., हैदराबाद. | 13-09-2004 | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 14. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 07-01-2005 | 28.401 | 05-02-2005 |
| | | | 3.621 | 09-12-2005 |
| | | | 1.417 | 03-02-2007 |
| | | | 2.177 | 09-05-2007 |
| | | | 22.913 | 04-12-2007 |
| | | | **58.529** | |
| 15. | मे. छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी कंपनी लि., रायपुर | 07-01-2005 | 14.973 | 16-08-2001 |
| | | | 11.376 | 26-12-2006 |
| | | | **26.349** | |
| 16. | मे. प्रकाश इण्डस्ट्रीज लि., नई दिल्ली | 07-01-2005 | 40.897 | 26-12-2007 |
| 17. | मे. बिगब्रास स्टील एंड एलायज लि., कोलकाता | 07-01-2005 | | |
| 18. | मे. वसुन्धरा स्टील एंड पावर लि., नई दिल्ली | 07-01-2005 | | |
| 19. | मे. रेक्सान स्ट्रीप्स लिमिटेड, उड़ीसा | 07-01-2005 | | |
| 20. | मे. छत्तीसगढ़ स्टील एंड पावर, रायपुर | 07-01-2005 | 11.161 | 15-09-2006 |
| 21. | मे. पुष्प स्टील्स एंड माइनिंग प्रा. लि., दिल्ली | 07-01-2005 | 11.421 | 19-01-2005 |
| 22. | मे. सलासार स्पांज एंड पावर लि., रायपुर | 07-01-2005 | | |
| 23. | मे. श्रीराधे इण्डस्ट्रीज लि., बिलासपुर | 07-01-2005 | | |
| 24. | मे. सत्यार्थ स्टील एंड पावर लि., रायपुर | 07-01-2005 | | |
| 25. | मे. ए. पी. आई. इस्पात एंड पावरटेक प्रा. लि., नई दिल्ली. | 07-01-2005 | | |
| 26. | मे. टापवर्थ स्टील प्रा. लि., मुम्बई | 07-01-2005 | 23.664 | 31-03-2005 |
| 27. | मे. श्री श्याम ग्लोबल प्रा. लि., जांजगीर-चांपा | 07-01-2005 | | |
| 28. | मे. क्रेस्ट स्टील एंड पावर प्रा. लि., भिलाई | 07-01-2005 | | |
| 29. | मे. बालाजी विद्युत एंड स्पांज आयरन, रायपुर | 07-01-2005 | | |

**वर्ष 2005-06 में निष्पादित एमओयू**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मे. टेक्सास पावरजेन, यू. एस. ए. | 22-05-2005 |
| 2. | मे. टाटा स्टील, मुम्बई | 04-06-2005 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 3. | मे. एस्सार स्टील छत्तीसगढ़ लिमिटेड, हजीरा | 05-07-2005 | | |
| | | **वर्ष 2006-07 में निष्पादित एमओयू** | | |
| 1. | मे. इण्ड सिनर्जी लिमिटेड, रायगढ़ | 06-10-2006 | | |
| 2. | मे. श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 06-10-2006 | | |
| 3. | मे. एस. के. एस. इस्पात लिमिटेड, मुम्बई | 06-10-2006 | | |
| 4. | मे. रायपुर एलायज एंड स्टील लिमिटेड, रायपुर | 06-10-2006 | | |
| 5. | मे. लाफार्ज इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, मुम्बई | 06-10-2006 | | |
| 6. | मे. अंबुजा सीमेंट ईस्टर्न लिमिटेड, रायपुर | 07-12-2006 | | |
| 7. | मे. श्री बजरंग मेटालिक्स एंड पावर लिमिटेड, रायपुर. | 21-12-2006 | | |
| 8. | मे. राजेश स्ट्रीप्स लिमिटेड, रायपुर | 16-01-2007 | | |
| 9. | मे. राजेश स्ट्रीप्स लिमिटेड, रायपुर | 16-01-2007 | | |
| 10. | मे. इमामी पेपर मिल्स लिमिटेड, कोलकाता | 23-03-2007 | | |
| 11. | मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई | 30-03-2007 | | |
| 12. | मे. एसीसी लिमिटेड, मुम्बई | 30-03-2007 | | |
| 13. | मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश. | 30-03-2007 | | |
| 14. | मे. ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बिरला ग्राम, नागदा, मध्यप्रदेश. | 30-03-2007 | | |
| 15. | मे. मोनेट इस्पात एंड इनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 30-03-2007 | | |
| 16. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई-दिल्ली | 30-03-2007 | | |
| 17. | मे. रूंगटा माइन्स लिमिटेड, चाईबासा, झारखण्ड | 30-03-2007 | | |
| 18. | मे. सेंचुरी टेक्सटाइल एंड इण्डस्ट्रीज लि., मुम्बई | 30-03-2007 | | |
| | | **वर्ष 2007-08 में निष्पादित एमओयू** | | |
| 1. | मे. जिन्दल स्टील एंड पावर लि., नई दिल्ली | 04-05-2007 | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 2. | मे. भूषण पावर एंड स्टील लिमि., नई दिल्ली | 04-05-2007 | | |
| 3. | मे. मोनेट इस्पात एंड इनर्जी लिमिटेड, रायपुर | 04-05-2007 | | |
| 4. | मे. वंदना इस्पात लिमिटेड, रायपुर | 04-05-2007 | | |
| 5. | मे. टापवर्थ स्टील प्रा. लि., मुम्बई | 04-05-2007 | | |
| 6. | मे. एसएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, कोलकाता | 04-05-2007 | | |
| 7. | मे. सलासार स्पांज एंड पावर लि., रायपुर | 04-05-2007 | | |
| 8. | मे. लाफार्ज इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, मुम्बई | 07-06-2007 | | |
| 9. | मे. श्री सीमेंट लिमिटेड, बेवार, जिला-अजमेर (राजस्थान). | 07-06-2007 | | |
| 10. | मे. प्रकाश इण्डस्ट्रीज लि., नई दिल्ली | 18-06-2007 | | |
| 11. | मे. सिंघल इंटरप्राइजेस, ग्राम-तराईमाल, रायगढ़ | 23-06-2007 | | |
| 12. | मे. अंजनी स्टील प्रायवेट लिमिटेड, रायगढ़ | 02-08-2007 | | |
| 13. | मे. एच. ई. जी. लिमिटेड, दुर्ग | 02-08-2007 | | |
| 14. | मे. मंगल स्पांज एंड स्टील लिमिटेड, बिलासपुर | 02-08-2007 | | |
| 15. | मे. एस. के. सरावगी एंड कंपनी प्रा. लि., बिलासपुर | 02-08-2007 | | |
| 16. | मे. भारत एल्युमिनियम कंपनी लि., कोरबा | 09-08-2007 | | |
| 17. | मे. इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड, राजगंगपुर, उड़ीसा. | 29-11-2007 | | |

प्रपत्र "च"

## एम. ओ. यू. के आधार पर प्रारंभ/विस्तारित क्षमता में उत्पादन आरंभ करने वाले उद्योगों की सूची

| क्रमांक | इकाई का नाम | स्थल | निवेश (करोड़ में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | मे. गोदावरी इस्पात एण्ड पावर लि., रायपुर | रायपुर | 313.13 | उत्पादन प्रारंभ |
| 2. | मे. वंदना ग्लोबल लि., रायपुर | रायपुर | 90.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 3. | मे. एस. के. एस. इस्पात प्रा. लि., मुम्बई | रायपुर | 350.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 4. | मे. जिन्दल स्टील एण्ड पावर लि., नई दिल्ली | रायगढ़ | 2590.55 | उत्पादन प्रारंभ |
| 5. | मे. छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी प्रा. लि. (सारडा एनर्जी मिनरल्स लि.) | रायपुर | 150.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 6. | मे. प्रकाश इण्ड. लि., नई दिल्ली, चांपा | चांपा | 1400.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 7. | मे. सालासार स्पोंज एण्ड पावर लि. | रायगढ़ | 102.48 | उत्पादन प्रारंभ |
| 8. | मे. श्री राधे इण्ड. लि. | बिलासपुर | 60.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 9. | मे. सत्यार्थ स्टील एण्ड पावर लि. | रायपुर | 18.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 10. | मे. ए. पी. आई. इस्पात एण्ड पावरटेक प्रा. लि. | रायपुर | 43.89 | उत्पादन प्रारंभ |
| 11. | मे. टापवर्थ स्टील प्रा. लि. | दुर्ग | 206.40 | उत्पादन प्रारंभ |
| 12. | मे. एस. के. एस. इस्पात लि. | रायपुर | 875.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 13. | मे. रायपुर एलायज एण्ड स्टील लि. (सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लि.) | रायपुर | 150.00 | उत्पादन प्रारंभ |
| 14. | मे. सेन्चुरी टैक्स्टाईल एण्ड इण्ड. लि. | रायपुर | 89.11 | उत्पादन प्रारंभ |
| 15. | मे. क्रेस्ट स्टील एण्ड पावर प्रा. लि. | दुर्ग | 93.75 | उत्पादन प्रारंभ |
| 16. | मे. मंगल स्पोंज एण्ड स्टील लि., बिलासपुर | बिलासपुर | 13.98 | उत्पादन प्रारंभ |
| | | योग | 6546.29 | |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 675) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**कुकमेरा से कवर्धा मार्ग में मुरूम खदान/खपत मात्रा की जानकारी 31-01-08 की स्थिति में**

| स. क्र. | खदान (स्थान) | | मात्रा (घन मीटर में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) |
| 1. | लालपुर | | 138514.00 |
| 2. | सिल्हाटी (ग्राम नरोधी) | | 67799.00 |
| 3. | कवर्धा (ग्राम सुरजपुर) | | 82129.00 |
| 4. | लोहारा, छोटूपारा | | 235.00 |
| 5. | भागूटोला (ग्राम जेवड़न कला) | | 131429.00 |
| | | **योग** | **420106.00** |

प्रपत्र "ब"

**कुकमेरा से कवर्धा मार्ग में गिट्टी खदान/खपत मात्रा की जानकारी 31-01-08 की स्थिति में**

| स. क्र. | मटेरियल/ग्रेड | स्रोत | | कुल मात्रा (घ. मी.) | पूर्ण योग (घ. मी.) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हरिओम खदान (तालपुर) (घ. मी.) | नंदनी खदान (घ. मी.) | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 40 एम. एम. | 22833.02 | 1496.25 | 24329.27 | |
| 2. | 25 एम. एम. | 2620.21 | 166.65 | 2786.86 | |
| 3. | 20 एम. एम. | 36905.55 | 2527.67 | 39433.22 | |
| 4. | 13 एम. एम. | 1032.25 | 0.00 | 1032.25 | 215565.85 |
| 5. | 10 एम. एम. | 51940.15 | 3981.63 | 55921.78 | |
| 6. | 6 एम. एम. | 14464.02 | 10009.79 | 24473.81 | |
| 7. | स्टोन डस्ट | 20276.60 | 47312.06 | 67588.66 | |
| 8. | लाइम | रायपुर बाजार | | 499.77 | 499.77 |
| | | **योग** | **घन मीटर** | | **216065.62** |

प्रपत्र "स"

**कुकमेरा से कवर्धा मार्ग में ठेकेदार को भुगतान की गई अग्रिम राशि का विवरण**

31-01-08

| स. क्र. (1) | अग्रिम मद (2) | | स्वीकृत अग्रिम राशि (3) |
|---|---|---|---|
| 1. | मोबीलाईजेशन अग्रिम | | 23256200.00 |
| 2. | मशीनरी अग्रिम | | 23256200.00 |
| 3. | सेक्योर्ड एडवांस | | 2266805.00 |
| 4. | सेक्योर्ड एडवांस | | 1693248.00 |
| | | **योग** | **50472453.00** |

## परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 1318) के भाग (ख) की जानकारी ]

### वृहद इस्पात परियोजना हेतु अर्जित भूमि के मुआवजा वितरण संबंधी जानकारी

| क्रमांक | ग्राम का नाम | | कुल खातेदारों की संख्या | कुल मुआवजा राशि | भुगतान किये गये खातेदारों की संख्या | किये गये मुआवजा भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | कुम्हली | | 131 | 23370746.00 | 127 | 22244427.00 |
| 2. | धुरागांव | | 225 | 113692866.00 | 175 | 78483408.00 |
| 3. | बेलियापाल | | 185 | 53268171.00 | 177 | 49434128.00 |
| 4. | छिन्दगांव | | 71 | 19800174.00 | 67 | 18612614.00 |
| 5. | बड़ांजी | | 262 | 119276333.00 | 97 | 38779996.00 |
| 6. | बेलर | | 149 | 87109961.00 | 49 | 25825005.00 |
| 7. | दावपाल | | 212 | 83901958.00 | 127 | 33129896.00 |
| 8. | बड़ेपरोदा | | 122 | 55406449.00 | 122 | 55406449.00 |
| 9. | सिरिसगुड़ा | | 161 | 68016803.00 | 68 | 25406795.00 |
| | | योग | 1518 | 623843461.00 | 1009 | 347522718.00 |